मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को केन्द्रीय सहायता

3483. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को दी गई सहायता का मिल-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या 1988-89 के दौरान मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को वित्तीय सहायता देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफ़ीक आलम) : (क) केन्द्रीय सरकार रुग्ण वस्त्र मिलों को अलग-अलग सीधे वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करती है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) को देखते हुये ये प्रश्न नहीं उठते।

मध्य प्रदेश में ग्रामीण बैंक

3484. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश में कार्यरत ग्रामीण बैंकों की संख्या कितनी है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान-उपर्युक्त बैंकों के लाभ/हानि लेखाओं का वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) 1988-89 के दौरान मध्य प्रदेश में ऐसे कितने बैंक खोलने का विचार है और ऐसे बैंक किन-किन स्थानों पर खोलने का विचार है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फलेरियो) : (क) इस समय मध्य प्रदेश राज्य में 24 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत हैं।

(ख) उक्तक्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के वर्ष 1985, 1986 और 1987 के लाभ-हानि लेखे विवरण में दिखाये गये हैं (नीचे देखिये)।

(ग) सरकार का वर्ष 1988-89 के दौरान, मध्य प्रदेश में कोई नया क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खोलने का विचार नहीं है

विवरण

मध्य प्रदेश में स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लाभ-हानि लेखाओं की स्थिति

(लाख रुपये में)

क्रमसं.	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का नाम	1985	1986	1987
		लाभ (+) हानि (-)	लाभ (+) (हानि (-)	लाभ (+) हानि (-)
1	2	3	4	5
1	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, होसंगाबाद . .	(-) 46.48	(-) 41.90	(-) 47.01
2	बिलासपुर-रायपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक . .	(-) 46.66	(-) 100.53	(-) 129.00
3	रीवा-सीधी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	(-) 7.41	(-) 5.21	(-) 1.16